भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 74
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना

74. श्री राम कृपाल यादवः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की अगली पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान 68 नए चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन के लिए किन–किन जगहों को चिन्हित किया गया है;

(ग) क्या सरकार की देशभर में 92 नए अस्पताल खोलने की भी योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन के लिए किन–किन जगहों की पहचान की गई है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद)

(क) से (घ)ः 12 वीं योजनावधि में नए चिकित्सा कॉलेज खोलने के लिए 12 वें कार्य योजना दल द्वारा सरकार को सिफारिशें की गई हैं। तथापि, नए चिकित्सा कॉलेज खोलना अन्य बातों के साथ–साथ योजनागत आबंटन और अंतिम रूप से तैयार प्राथमिकताओं पर निर्भर होगा।

....